# वानिकी समाचार

भारतीय वानिकी अनुसंधान
एवं शिक्षा परिषद्

वर्ष 14
सं. 9

सितंबर 2022


## अनुसंधान सलाहकार समूह की बैठक

- व.व.अ.सं., जोरहाट द्वारा 21 सितंबर 2022 को चौबीसवीं अनुसंधान सलाहकार समूह की बैठक 2022 का आयोजन किया गया। बैठक में शिक्षाविदों, व.व.अ.सं. के वैज्ञानिकों, अनुसंधानकर्ताओं और हितधारकों ने भाग लिया।
- व.उ.सं., रांची द्वारा 26 सितंबर 2022 को हाइब्रिड मोड (ऑनलाइन/ऑफलाइन) के माध्यम से नई अनुसंधान परियोजनाओं पर चर्चा करने और चल रही परियोजनाओं की समीक्षा के लिए तेइसवीं अनुसंधान सलाहकार समूह की बैठक 2022 का आयोजन किया गया। बैठक में व.उ.सं., रांची के सभी वैज्ञानिक, तकनीकी कर्मचारी और अधिकारी शामिल हुए।




व.व.अ.सं., जोरहाट द्वारा अनुसंधान सलाहकार समूह की बैठक 2022 का आयोजन



व.उ.सं., रांची द्वारा अनुसंधान सलाहकार समूह की बैठक 2022 का आयोजन किया गया

## अनुक्रमणिका


| | पृ.सं. |
|---|---|
| अनुसंधान सलाहकार समूह की बैठक | 01 |
| आजादी का अमृत महोत्सव | 02 |
| वृक्ष उत्पादक मेला/किसान मेला | 03 |
| परामर्श कार्य | 03 |
| महत्त्वपूर्ण अनुसंधान निष्कर्ष | 04 |
| कार्यशालाएं/सेमिनार/बैठकें | 04 |
| प्रशिक्षण कार्यक्रम | 05 |
| प्रकृति कार्यक्रम | 09 |
| जागरूकता एवं प्रदर्शन कार्यक्रम | 10 |
| वन विज्ञान केन्द्रों के अंतर्गत गतिविधियां | 11 |
| गणमान्य व्यक्तियों का दौरा | 11 |
| राजभाषा गतिविधयां | 12 |
| समझौता ज्ञापन | 13 |
| विविध | 13 |
| मानव संसाधन समाचार | 13 |

- शु.व.अ.सं., जोधपुर द्वारा 26 सितंबर 2022 को (ऑनलाइन/ऑफ़लाइन) मोड के माध्यम से प्रस्तुत नई शोध परियोजनाओं के प्रस्तावों का मूल्यांकन और समीक्षा करने तथा संस्थान में चल रही परियोजनाओं की प्रगति पर चर्चा करने के लिए अनुसंधान सलाहकार समूह की बैठक 2022 का आयोजन किया गया। बैठक में शु.व.अ.सं, जोधपुर के वैज्ञानिक, राज्य वन विभाग और गैर सरकारी संगठन के सदस्यों ने भाग लिया।

- व.जै.सं., हैदराबाद द्वारा 30 सितंबर 2022 को नई प्रस्तावित वानिकी अनुसंधान परियोजनाओं की समीक्षा करने और चल रही विभिन्न परियोजनाओं के कार्यक्रम के अनुश्रवण के लिए अनुसंधान सलाहकार समूह की बैठक 2022 का आयोजन किया गया।




शु.व.अ.सं., जोधपुर द्वारा अनुसंधान सलाहकार समूह की बैठक 2022 का आयोजन किया गया




व.जै.सं., हैदराबाद द्वारा अनुसंधान सलाहकार समूह की बैठक 2022 का आयोजन किया गया

## आजादी का अमृत महोत्सव

- व.उ.सं., रांची द्वारा 7 सितंबर 2022 को खूंटी जिले के तोरपा में जैविक खाद विधि पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में खूंटी जिले के तोरपा के किसानों ने भाग लिया।

- व.आ.वृ.प्र.सं., कोयम्बत्तूर में वन आनुवंशिक संसाधन और वृक्ष सुधार पर एन्विस संसाधन सहयोगी द्वारा 16 सितंबर 2022 को ओजोन परत के संरक्षण हेतु अंतर्राष्ट्रीय दिवस 2022 के उपलक्ष्य पर जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

- व.उ.सं., रांची द्वारा 18 सितंबर 2022 को ग्राम उक्रिमारी, टोपरा में *फ्लेमेंगिया सेमियाल्टा* रोपण तकनीक और लाख कीट की खेती पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उक्रिमारी, टोपरा के किसानों ने भाग लिया।

- व.उ.सं., रांची द्वारा 29 सितंबर 2022 को शहद कीट पालन द्वारा आय सृजन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दीनदयाल उपाध्याय ग्राम स्वावलंबन योजना के ग्रामीणों ने भाग लिया।



व.उ.सं., रांची द्वारा *फ्लेमेंगिया सेमियाल्टा* रोपण तकनीक और लाख कीट खेती पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया



व.उ.सं., रांची द्वारा शहद कीट खेती से आय सृजन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया

## वृक्ष उत्पादक मेला/किसान मेला

- व.अ.सं., देहरादून द्वारा 7 सितंबर 2022 को व.अ.सं. परिसर, देहरादून में किसान मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसानों, गैर सरकारी संगठनों, स्वयं सहायता समूहों और अन्य हितधारकों ने भाग लिया।



व.अ.सं., देहरादून द्वारा किसान मेले का आयोजन किया गया

- व.आ.वृ.प्र.सं., कोयम्बत्तूर द्वारा 24 सितंबर 2022 को कृंतक सहित अन्य उन्नत रोपण सामग्री का उपयोग करके वृक्ष की खेती के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए वृक्ष उत्पादक मेले का आयोजन किया गया।




व.आ.वृ.प्र.सं., कोयम्बत्तूर द्वारा वृक्ष उत्पादक मेले का आयोजन किया गया

- हि.व.अ.सं., शिमला द्वारा 18 सितंबर 2022 को लोंगनी धर्मपुर, जिला मंडी, हिमाचल प्रदेश में किसान मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में धरमपुर की सात पंचायतों के किसानों ने भाग लिया।




हि.व.अ.सं., शिमला द्वारा लोंगनी धर्मपुर, जिला मंडी, हिमाचल प्रदेश में किसान मेले का आयोजन किया गया

- व.उ.सं., रांची द्वारा 21 सितंबर 2022 को बिहार के हाजीपुर में एक वृक्ष उत्पादक मेला सह हितधारक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वन विभाग के राज्य अधिकारी अर्थात् आरसीसीएफ मुजफ्फरपुर, वन संरक्षक एवं अग्रिम श्रेणी के कर्मचारी तथा बिहार के कोने–कोने से जैसे दरभंगा, जमुई, भागलपुर, औरंगाबाद, मधुबनी, मोतिहारी, समस्तीपुर आदि के किसानों ने भाग लिया।



व.उ.सं., रांची द्वारा वृक्ष उत्पादक मेला सह हितधारक बैठक का आयोजन किया गया

## परामर्श कार्य

### भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद्, देहरादून

इस अवधि के दौरान बारह विभिन्न वैज्ञानिक परामर्शी परियोजनाओं पर काम किया गया।

- दीप्का विस्तार परियोजना, दीप्का क्षेत्र, एसईसीएल, कोरबा, छत्तीसगढ़ के पर्यावरणीय अंकेक्षण रिपोर्ट का मसौदा दीप्का क्षेत्र, एसईसीएल, कोरबा, छत्तीसगढ़ को प्रस्तुत किया गया।
- एमसीएल के लजकुरा और बेलपहाड़ ओसीपी की पर्यावरणीय अंकेक्षण रिपोर्ट का मसौदा कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल), कोलकाता को प्रस्तुत किया गया।
- उत्तरी कर्णपुरा कोलफील्ड, चकला, लातेहार, झारखंड में चकला ओपनकास्ट कोल ब्लॉक खदान के लिए जैव विविधता आकलन प्रभाव और प्रशमन उपायों की रिपोर्ट मैसर्स हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड, लातेहार, झारखंड को प्रस्तुत की गई।

## महत्त्वपूर्ण अनुसंधान निष्कर्ष

### वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून

- इथेनॉल, मेथनॉल और एसीटोनिट्राइल का उपयोग करके जैवसक्रिय यौगिकों के समृद्ध अंशों के निष्कर्षण के लिए स्थितियों का इष्टतमीकरण किया गया। नीम के बीजों से क्रमशः 5–9%, 5–7% और 5–14% उपज सहित इथेनॉल, मेथनॉल और एसीटोनिट्राइल (70–90%) घुलनशील सत्त को अलग किया गया।
- केवीके / विश्वविद्यालयों / किसानों की भूमि पर *मीलिया डूबिया* के कृषि वानिकी प्रदर्शन भूखंडों की स्थापना के अंतर्गत दो स्थलों में *मीलिया डूबिया* का रोपण किया गया, जिसमें से एक संभल्खा, अंबाला, हरियाणा में और दूसरा बीरमपुर, गढ़शंकर, होशियारपुर, पंजाब में किया गया। प्रत्येक स्थल पर 500 नवोद्भिद स्थानांतरित किया गया और 432 नवोद्भिद का रोपण किया गया तथा शेष को स्थलों में कारणता प्रतिस्थापन के लिए रखा गया।

### वन आनुवंशिकी एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान, कोयम्बत्तूर

जीसी–एमएस / एमएस विश्लेषण के माध्यम से *राइटिया टिंक्टोरिया* वाइल्ड के क्रोमैटोग्राफिक लक्षण वर्णन से महत्वपूर्ण गैर–प्रदाहक क्रिया सहित पादप यौगिकों की उपस्थिति का पता चला।

### उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर

- टीकमगढ़ प्रभाग, बलदेवगढ़, जतारा, ओरछा एवं निवाड़ी वन परिक्षेत्र, मध्य प्रदेश में वन आनुवंशिक संसाधन संग्रह के लिए पांच स्रोत समष्टि की पहचान की गई।
- परियात, दरौली, कटनी; कटंग पौधशाला मंडला में पौधशालाओं एवं गढ़चिरौली, चंद्रपुर, अमरावती, अचलपुर वरूर और महाराष्ट्र के आस–पास के क्षेत्रों के बागानों तथा उ.व.अ.सं., परिसर का बांस पर पाए जाने वाले नाशीकीटों यथा *नोटोबियस मेलेग्रिस, हिरोग्लिफस बनियान, पेलोपेडस मैथियास, पाइरौस्टा कोक्लेसैलिस, ओडोंटोटर्मेस* प्रजा., *एस्टिग्मेना चिनेंसिस, ओरेग्मा बैम्बूए, सिट्रोट्रोगा सेरलेला, साइरटोट्राकुलस डक्स* के लिए सर्वेक्षण किया गया तथा *डेंड्रोकैलेमस स्ट्रिक्टस* पर बैम्बू फाइलोडी या विच्स ब्रूम पाए गए।

## कार्यशालाएं/सेमिनार/बैठकें

| क्र.सं. | विषय | तिथि | लाभार्थी |
|---|---|---|---|
| | **भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, देहरादून** | | |
| 1. | राष्ट्रीय वन नीति 2022 | 12 सितंबर 2022 | - |
| | **वन उत्पादकता संस्थान, रांची** | | |
| 2. | जलवायु परिवर्तन एवं पर्यावरण पर इसके प्रभाव पर कार्यशाला | 27 सितंबर 2022 | व.उ.सं., रांची के सभी वैज्ञानिक एवं अधिकारी |
| 3. | बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) और पेटेंट तथा डिजाइन फाइलिंग पर कार्यशाला | 28 सितंबर 2022 | व.उ.सं., रांची के सभी वैज्ञानिक एवं अधिकारी |
| | **शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर** | | |
| 4. | पारस्परिक सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बैठक | 19 सितंबर 2022 | शु.व.अ.सं., जोधपुर, भा.वा.अ.शि.प., देहरादून और का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | **वन जैवविविधता संस्थान, हैदराबाद** | | |
| 5. | राज्य रेड्ड+ कार्य योजनाओं के विकास के लिए तेलंगाना राज्य वन विभाग की क्षमता निर्माण पर कार्यशाला | 5 और 6 सितंबर 2022 | वन अधिकारी |
| | **वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट** | | |
| 6. | पादप वर्गिकी पर सेमिनार | 22 सितंबर 2022 | व.व.अ.सं. के सभी कर्मचारी और परियोजना कर्मचारी |
| | **उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर** | | |
| 7. | वानिकी में सुदूर संवेदी और भौगोलिक सूचना प्रणाली के लिए समावेशन सेमिनार | 22 सितंबर 2022 | सहायक प्रोफेसर और कृषि–व्यवसाय उद्यमी, एनजीओ और ईपीओ |
| 8. | औषधीय पादपों की उपलब्धता, संवहनीयता, प्रसंस्करण समस्याएं और बाजार संयोजन पर राष्ट्रीय कार्यशाला | 26 सितंबर 2022 | महानिदेशक, भा.वा.अ.शि.प., उप महानिदेशक, वैज्ञानिक, वन अधिकारी और अनुसंधानकर्ता, आयुष मंत्रालय के अधिकारी, एसएफडी, एनजीओ, उद्योग आदि के वरिष्ठ अधिकारी। |




व.व.अ.सं., जोरहाट द्वारा पादप वर्गिकी पर सेमिनार का आयोजन किया गया



उ.व.अ.सं., जबलपुर द्वारा औषधीय पादपों की उपलब्धता, संवहनीयता, प्रसंस्करण समस्याओं और बाजार संयोजन पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया

## प्रशिक्षण कार्यक्रम

| क्र.सं. | विषय | तिथि | लाभार्थी |
|---|---|---|---|
| | **वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून** | | |
| 1. | बांस एवं रिंगाल हस्तशिल्प | 19 से 23 सितंबर 2022 | सरस्वती जन कल्याण एवं स्वरोजगार संस्थान के माध्यम से रुड़की से आए प्रतिभागी |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2. | सामान्य वानिकी | 26 से 30 सितंबर 2022 | भा.वा.अ.शि.प. के तकनीकी कर्मचारी |
| 3. | काष्ठ संशोषण | 27 से 29 सितंबर 2022 | पुणे, गांधीग्राम, यमुनानगर और रबर बोर्ड, केरल के प्रतिभागी |




बांस एवं रिंगाल हस्तशिल्प पर प्रशिक्षण




काष्ठ संशोषण पर प्रशिक्षण

**वन जैवविविधता संस्थान, हैदराबाद**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 4. | मैंग्रोव प्रवर्धन एवं आजीविका विकास तकनीक | 15 सितंबर 2022 | मछुआरा समुदाय |
| 5. | मृदा उर्वरता एवं शून्य बजट प्राकृतिक खेती (ज़ेडबीएनएफ) | 27 सितंबर 2022 | किसान |

**वन उत्पादकता संस्थान, रांची**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 6. | वन सीमांत गांवों के लिए आजीविका वृद्धि कार्यनीतियां | 12 से 16 सितंबर 2022 | देश भर के भा.व.से. |
| 7. | कंप्यूटर एवं इंटरनेट अनुप्रयोग | 19 से 23 सितंबर 2022 | भा.वा.अ.शि.प. के विभिन्न संस्थानों के प्रशिक्षु |




गांवों के लिए आजीविका वृद्धि कार्यनीतियां पर प्रशिक्षण



कंप्यूटर एवं इंटरनेट अनुप्रयोग पर प्रशिक्षण

| | | | |
|---|---|---|---|
| | **वन आनुवंशिकी एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान, कोयम्बत्तूर** | | |
| 8. | सागौन का ऊतक संवर्धन | 5 से 9 सितंबर 2022 | छत्तीसगढ़ वन विभाग |
| | **काष्ठ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, बेंगलुरू** | | |
| 9. | चंदनकाष्ठ की खेती और इसकी संभावनाएं | 14 से 16 सितंबर 2022 | छात्र, शिक्षक, गैर सरकारी संगठन, किसान और निजी कंपनियां |
| 10. | चंदनकाष्ठः स्वस्थ पौधशालाओं एवं बागानों की स्थापना एवं अनुरक्षण | 19 से 23 सितंबर 2022 | किसान और अन्य चंदन उत्पादक |
| 11. | काष्ठ की पहचान, संशोषण और संरक्षण | 14 से 16 सितंबर 2022 | छात्र, शिक्षक, गैर सरकारी संगठन, किसान और निजी कंपनियां |
| 12. | बांस की खेती, प्रबंधन एवं उपयोग | 23 सितंबर 2022 | - |
| 13. | प्रकाष्ठ प्रौद्योगिकी | 26 से 30 सितंबर 2022 | डीजीक्यूए (जीएस), कानपुर के समूह–ख अधिकारी |



काष्ठ की पहचान, संशोषण और संरक्षण पर प्रशिक्षण



बांस की खेती, प्रबंधन एवं उपयोग पर प्रशिक्षण

| | | | |
|---|---|---|---|
| | **वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट** | | |
| 14. | बांस हस्तशिल्प पर कौशल विकास प्रशिक्षण | 5 से 17 सितंबर 2022 | गोवा, केरल, आंध्र प्रदेश और असम के प्रशिक्षु |
| 15. | अगरकाष्ठ की खेती और कृत्रिम संरोपण पर कौशल विकास प्रशिक्षण | 14 से 16 सितंबर 2022 | नेपाल, महाराष्ट्र और असम के प्रशिक्षु |


बांस हस्तशिल्प पर कौशल विकास प्रशिक्षण


अगरकाष्ठ की खेती और कृत्रिम संरोपण पर कौशल विकास प्रशिक्षण

| | | | |
|---|---|---|---|
| 16. | बांस प्ररोह प्रसंस्करण एवं मूल्यवर्धन | 22 से 24 सितंबर 2022 | त्रिपुरा के विभिन्न जिलों के बेरोजगार युवा और महिलाए |
| 17. | कृषि वानिकी, बीज प्रौद्योगिकी और जैव उर्वरक | 27 से 29 सितंबर 2022 | उत्तर पूर्वी राज्यों की स्वायत्त परिषदों के अंतर्गत वन अधिकारी |



बांस प्ररोह प्रसंस्करण एवं मूल्यवर्धन


कार्य योजना तैयार करने संबंधी प्रशिक्षण

**उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 18. | बांस हस्तशिल्प | 30 अगस्त से 2 सितंबर 2022 | बांस कृषक |
| 19. | कृषि वानिकी, बीज प्रौद्योगिकी एवं जैव उर्वरक | 14 सितंबर 2022 | जगदलपुर के सुकमा, बीजापुर, दंतेवाड़ा एवं जगदलपुर प्रभाग के क्षेत्रीय पदाधिकारी |
| 20. | कृषि वानिकी और इसका प्रबंधन | 21 से 23 सितंबर 2022 | सहायक प्रोफेसर, अनुसंधानकर्ता और गैर सरकारी संगठन |

## प्रकृति कार्यक्रम

व.आ.वृ.प्र.सं., कोयम्बत्तूर द्वारा "प्रकृति" के अंतर्गत गैस वन संग्रहालय के शिक्षा केंद्र में स्कूल और कॉलेज के छात्रों के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वैज्ञानिक, तकनीकी कर्मचारियों और शोधार्थियों द्वारा निम्नलिखित व्याख्यान और वार्ता आयोजित करके छात्रों को ज्ञान प्रदान किया गयाः

- सितंबर 2022 को आनुवंशिक संसाधनों के संरक्षण पर कार्यक्रम। कार्यक्रम में साईंबाबा विद्यालय और मध्य विद्यालय, कोयम्बत्तूर के छठी से आठवीं कक्षा के 94 स्कूली छात्रों ने भाग लिया।
- अंतर्राष्ट्रीय रेड पांडा दिवस 17 सितंबर 2022 को मनाया गया। कार्यक्रम में बिशप एम्ब्रोस कॉलेज, कोयम्बत्तूर के 26 छात्रों ने भाग लिया।
- गैंडों की विभिन्न प्रजातियों और उनके संरक्षण उपायों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए 22 सितंबर 2022 को विश्व गैंडा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में कोयम्बत्तूर पब्लिक स्कूल, कोयम्बत्तूर के 148 छात्रों ने भाग लिया।
- 26 सितंबर 2022 को काष्ठ पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस पर राष्ट्रीय मॉडल स्कूल, कोयम्बत्तूर के 83 छात्रों के लिए मानव स्वास्थ्य पर आज की सबसे अधिक संपीड़क पर्यावरणीय समस्याओं के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक प्रमुख वार्ता आयोजित की गई।



व.आ.वृ.प्र.सं., कोयम्बत्तूर द्वारा विभिन्न स्कूली छात्रों के लिए प्रकृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया

### हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला

राजकीय महाविद्यालय सीमा (रोहड़ू) में 6 सितंबर 2022 को जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजकीय महाविद्यालय सीमा (रोहड़ू) के छात्रों ने भाग लिया।



हि.व.अ.सं., शिमला द्वारा राजकीय महाविद्यालय सीमा के छात्रों के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया

### वन अनुसंधान केन्द्र तटीय पारिस्थितिकी तंत्र, विशाखापत्तनम

वन अनुसंधान केन्द्र–तटीय पारिस्थितिकी तंत्र, विशाखापत्तनम द्वारा 9 सितंबर 2022 को तटीय पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं और मानव–कल्याण पर केंद्रीय विद्यालय समिति–सं–2, नौसेनबाग, विशाखापत्तनम के 110 छात्रों और शिक्षकों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### वन जैवविविधता संस्थान, हैदराबाद

दिनांक 12 सितंबर 2022 को केंद्रीय विद्यालय संगठन, गोलकोंडा–1 के छात्रों के बीच जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों सहित कुल 39 छात्रों ने भाग लिया।



व.जै.सं., हैदराबाद द्वारा केवीके, गोलकुंडा–1 के छात्रों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया

## जागरुकता एवं प्रदर्शन कार्यक्रम

### वन आनुवंशिक एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान, कोयम्बत्तूर

- 5 से 9 सितंबर 2022 को राज्य वन अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, छत्तीसगढ़ में उत्तक संवर्ध सागौन के दृढ़ीकरण एवं जड़न पर पौधशाला तकनीकों का प्रदर्शन किया गया।
- तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय, कोयम्बत्तूर के 10 स्नातकोत्तर (बागवानी) छात्रों को पौधशाला तकनीकों का प्रदर्शन किया गया।
- कुंडल एकेडमी ऑफ डेवलपमेंट, एडमिनिस्ट्रेशन एंड मैनेजमेंट (फॉरेस्ट), महाराष्ट्र के 45 रेंज अधिकारी प्रशिक्षुओं ने 9 सितंबर 2022 को व.आ.वृ.प्र.सं. का दौरा किया।



कुंडल एकेडमी ऑफ डेवलपमेंट, एडमिनिस्ट्रेशन एंड मैनेजमेंट (फॉरेस्ट), महाराष्ट्र के रेंज अधिकारी प्रशिक्षुओं ने व.आ.वृ.प्र.सं., कोयम्बत्तूर का दौरा किया

- आरवीएस कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड साइंस, कोयंबत्तूर के माइक्रोबायोलॉजी विभाग के 90 पूर्वस्नातक छात्रों और 3 प्रोफेसरों ने 20 सितंबर 2022 को व.आ.वृ.प्र.सं. का दौरा किया।
- सेंट जोसेफ कॉलेज, देवगिरी, कालीकट, केरल के 11 छात्रों ने 20 सितंबर 2022 को संस्थान के वानस्पति उद्यान का दौरा किया।



सेंट जोसेफ कॉलेज, देवगिरी, कालीकट, केरल के छात्रों ने व.आ.वृ.प्र.सं., कोयम्बत्तूर के वनस्पति उद्यान का दौरा किया

### वन जैवविविधता संस्थान, हैदराबाद

व.जै.सं., हैदराबाद के विस्तार भवन में कुंडल अकादमी, महाराष्ट्र के 9वें बैच के प्रशिक्षु आरएफओ (3 राज्यों से) के साथ 18 सितंबर 2022 को आधे दिन का संवाद सत्र आयोजित किया गया। इसमें आंध्र प्रदेश, केरल और उत्तर प्रदेश के कुल 45 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया।

### हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला

सेंट बेड्स कॉलेज, शिमला के बीएससी अंतिम वर्ष (जूलॉजी मेजर) के दो संकाय सदस्यों और 18 छात्रों ने 13 सितंबर 2022 को हि.व.अ.सं., शिमला की वन सुरक्षा प्रयोगशाला का दौरा किया।

### वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट

दिनांक 2 सितंबर 2022 को असम कृषि विश्वविद्यालय, जोरहाट असम के छात्रों, शोधार्थियों, कृषि, पशु चिकित्सा, मत्स्य पालन, बागवानी आदि के शिक्षकों के समग्र समूह को बांस की खेती, प्रवर्धन, पौधशाला प्रबंधन, मूल्यवर्धन एवं बांस संरक्षण तकनीक, जैव प्रौद्योगिकी एवं ऊतक संवर्धन, वीपीआई इकाई, बांह बीथिका, लाख की खेती, वनस्पति उद्यान, ऑर्किडेरियम, कृमिखाद आदि जैसे विभिन्न अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों से अवगत कराया गया।

### उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर

- ज्ञान गंगा इंस्टीटयूट ऑफ टेक्नोलॉजी साइंस, जबलपुर के बी.फार्मा के 100 छात्रों ने 6 सितंबर 2022 को उ.व.अ.सं., जबलपुर का दौरा किया।



ज्ञान गंगा इंस्टीटयूट ऑफ टेक्नोलॉजी साइंस, जबलपुर के बी.फार्मा के छात्रों ने उ.व.अ.सं., जबलपुर का दौरा किया

- दिनांक 6 सितंबर 2022 को बालाघाट वन विद्यालय के 60 रेंजरों ने संस्थान का दौरा किया तथा उनको उ.व.अ.सं. प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन किया गया।
- दिनांक 16 सितंबर 2022 को सेज स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी, भोपाल के 47 बी.एससी. कृषि के छात्रों ने उ.व.अ.सं., जबलपुर का दौरा किया।

## गणमान्य व्यक्तियों का दौरा

- तेलंगाना अकादमी दुलापल्ली, हैदराबाद के 65 वन रेंजर अधिकारी प्रशिक्षुओं ने 19 सितंबर 2022 को उ.व.अ.सं., जबलपुर का दौरा किया।
- पीडीकेवी, अकोला (महाराष्ट्र) के बीएससी वानिकी (तृतीय वर्ष) के 48 छात्रों ने 27 सितंबर 2022 को एक्सपोजर विजिट में उ.व.अ.सं., जबलपुर का दौरा किया।
- श्री विनय कुमार, भा.व.से., एपीसीसीएफ–आईटी, डब्ल्यूपी तेलंगाना ने 6 सितंबर 2022 को व.जै.सं., हैदराबाद का दौरा किया।
- रबर बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. धननिया ने 7 सितंबर 2022 को का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु का दौरा किया।
- श्री कामाख्या प्रसाद तासा, माननीय संसद सदस्य (राज्य सभा) ने 14 सितंबर 2022 को व.व.अ.सं., जोरहाट का दौरा किया।



सेज स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी, भोपाल के बी.एससी. कृषि के छात्रों ने उ.व.अ.सं., जबलपुर का दौरा किया



रबर बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. धननिया ने का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु का दौरा किया

## वन विज्ञान केन्द्रों के अंतर्गत गतिविधियां

### काष्ठ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, बेंगलुरु

- दिनांक 7 सितंबर 2022 को केवीके सुथुर (मैसूर) के सहयोग से किसानों के लिए चंदन आधारित कृषिवानिकी मॉडल पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।
- दिनांक 28 सितंबर 2022 को केवीके हिरेहल्लि के सहयोग से बारागुरु, सिरा, तुमकुर में किसानों के लिए चंदन आधारित कृषिवानिकी मॉडल पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।
- दिनांक 29 सितंबर 2022 को केवीके कोन्नेहल्ली, तिपतूर के सहयोग से रेणुका चंदना वन, हगलावाड़ी, गुब्बी तालुक, तुमकुर में किसानों के लिए चंदन आधारित कृषि वानिकी मॉडल पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।


का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु द्वारा रेणुका चंदना वन, हगलावाडी, गुब्बी तालुक, तुमकुर में चंदनकाष्ठ आधारित कृषि वानिकी मॉडल पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया


का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु द्वारा बारगुरु, सिरा, तुमकुर में चंदन आधारित कृषिवानिकी मॉडल पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया

### वन जैवविविधता संस्थान, हैदराबाद

- एफसीआरआई में 16 सितंबर 2022 को औद्योगिक कृषि वानिकी पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में फॉरेस्ट कॉलेज एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट (एफसीआरआई) के छात्रों ने भाग लिया।
- एफसीआरआई, मुलुगु में वीवीके के अंतर्गत 22 सितंबर 2022 को फॉरेस्ट कॉलेज एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट (एफसीआरआई) के छात्रों के लिए जैव विविधता और संरक्षण पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भाग लिया।
- मॉडल नर्सरी की स्थापना के अंतर्गत ओपन वेंटिलेटेड पॉली हाउस की स्थापना की गई।

## राजभाषा गतिविधियां

- व.अ.सं., देहरादून द्वारा 2 सितंबर 2022 को एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु द्वारा 30 सितंबर 2022 को हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में संस्थान के तकनीकी कर्मचारियों ने भाग लिया।
- भा.वा.अ.शि.प., देहरादून और इसके संस्थानों द्वारा 14 से 29 सितंबर 2022 को हिंदी दिवस, हिंदी सप्ताह और हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया गया।



हिंदी दिवस 2022 के अवसर पर महानिदेशक, भा.वा.अ.शि.प. द्वारा प्रसिद्ध हिंदी लेखक श्री सुभाष पंत को सम्मानित किया गया



महानिदेशक, भा.वा.अ.शि.प. द्वारा उप महानिदेशक (विस्तार) एवं सहायक महानिदेशक (मी.व.वि.) को राजभाषा प्रोत्साहन पुरस्कार 2021–22 प्रदान किया गया



समापन समारोह में महानिदेशक, भा.वा.अ.शि.प. महोदय दर्शकों को संबोधित करते हुए



व.अ.सं., देहरादून द्वारा हिन्दी पखवाड़ा मनाया गया


पा.आ.वृ.प्र.सं., कोयम्बतूर द्वारा हिंदी दिवस मनाया गया



हि.व.अ.सं., शिमला द्वारा हिंदी दिवस मनाया गया



व.जै.सं., हैदराबाद द्वारा हिंदी सप्ताह मनाया गया


व.अ.सं., जोधपुर द्वारा हिंदी सप्ताह मनाया गया



का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु द्वारा हिंदी दिवस मनाया गया



व.अ.सं., रांची द्वारा हिंदी पखवाड़ा मनाया गया



उ.व.अ.सं., जबलपुर द्वारा हिन्दी पखवाड़ा मनाया गया



व.व.अ.सं., जोरहाट द्वारा हिन्दी पखवाड़ा मनाया गया

## समझौता ज्ञापन

- का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु द्वारा 8 सितंबर 2022 को मैसर्स पक्का इम्पैक्ट लिमिटेड (इंडिया) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए, जिसका उद्देश्य बायोपॉलिमर्स और बायो एडिटिव्स का उपयोग करके संवहनीय और सम्मिश्रणीय उत्पादों को विकसित करना और वृहद् उत्पादन के लिए हरे और संवहनीय उत्पादों का व्यवसायीकरण करना है।
- शु.व.अ.सं., जोधपुर द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र, व्यारा (नवसारी कृषि विश्वविद्यालय) के साथ 12 सितंबर 2022 को अखिल भारतीय समन्वयक अनुसंधान परियोजना "गुणवक सागौन उत्पादन: कृंतक पर पूंजीकरण" शीर्षक से कृषि वानिकी के अंतर्गत सागौन के विभिन्न उत्तक संवर्धन के परीक्षण के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- हि.व.अ.सं., शिमला द्वारा नाबार्ड शिमला, हिमाचल प्रदेश में नाबार्ड के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले के चयनित वन रेंज में देशज परागणकर्ताओं और उनके खाद्य पादपों के संरक्षण के लिए समुदाय आधारित दृष्टिकोण के माध्यम से प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए क्षमता निर्माण पर कार्यक्रम आयोजित करने हेतु समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।



शु.व.अ.सं., जोधपुर द्वारा केवीके, व्यारा (नवसारी कृषि विश्वविद्यालय) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए



हि.व.अ.सं., शिमला द्वारा नाबार्ड शिमला, हिमाचल प्रदेश में नाबार्ड के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए

## विविध

- दिनांक 2, 9 एवं 16 सितंबर 2022 को हि.व.अ.सं., शिमला द्वारा स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



हि.व.अ.सं., शिमला द्वारा स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया

- हि.व.अ.सं. शिमला द्वारा 9 सितंबर 2022 को हिमालय दिवस 2022 मनाया गया।
- व.व.अ.सं. जोरहाट द्वारा 16 और 30 सितंबर 2022 को दो स्वच्छता अभियानों का आयोजन किया गया। इन आयोजनों में सभी अधिकारियों और परियोजना कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।



व.व.अ.सं. जोरहाट द्वारा दो स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया

## मानव संसाधन समाचार

### सेवानिवृत्ति

| अधिकारियों का नाम | दिनांक |
|---|---|
| श्रीमती सीमा कुमार, वैज्ञानिक – 'ई', शु.व.अ.सं., जोधपुर | 31.09.2022 |
| श्री पवन कुमार पंवार, स.मु.त.अ., व.अ.सं., देहरादून | 31.09.2022 |

**संरक्षक:**
श्री अरूण सिंह रावत, महानिदेशक, भा.वा.अ.शि.प., देहरादून

**संपादक मंडल:**
डॉ. सुधीर कुमार, उप महानिदेशक (विस्तार), अध्यक्ष
डॉ. गीता जोशी, सहायक महानिदेशक (मीडिया एवं विस्तार), मानद सम्पादक
श्री शंकर शर्मा, सहायक निदेशक, (राजभाषा), सदस्य

**प्रत्याख्यान**
- केवल निजी रूप से प्रसारण करने हेतु।
- वानिकी समाचार में प्रकाशित सामग्री, संपादक मंडल के विचारों को अनिवार्यतः प्रतिबिंबित नहीं करती हैं।
- यहाँ प्रकाशित सूचना के लिए किसी भी प्रकार के नुकसान की भरपाई के लिए भा.वा.अ.शि.प. उत्तरदायी नहीं होगा।